मूल्यः एक रूपया


कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–10, फरवरी 2013



किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु जीवनधारा ने दी सामाजिक कल्याण को नई दिशा

**कामधेनु समूह ने न केवल व्यावसायिक क्षेत्र में बल्कि सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी अपनी एक ख़ास पहचान बना ली है। समूह की सामाजिक कार्य इकाई ''कामधेनु जीवनधारा'' ने पिछले कई वर्षो मे गरीब एवं वंचित तबके के बच्चों और विकलांगों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाकर इस दिशा में बेहतरीन योगदान दिया है। कंपनी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभा रही है। इस बारे में कामधेनु जीवनधारा की चेयरपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल ने इस्पात संदेश से बातचीत में कहा कि कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारीयों को समझती है और हर सदस्य इस क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है।**

**प्र.– कामधेनु समूह अपने व्यावसायिक और सामाजिक हितों में कैसे तालमेल बिठाती है ?**

उ.– कामधेनु समूह के व्यावसायिक हित कामधेनु स्टील और कामधेनु पेंट्स (पेंट इकाई) के तहत आते हैं और ये दोनों कंपनियाँ बेहतरीन विकास दर हासिल कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर कामधेनु जीवनधारा पूरी तरह से सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, जो विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये पूरे किए जाते हैं। इसके लिए अलग से फंड आवंटित होता और कार्यक्रमों का निर्धारण होता है।

**प्र.– वर्तमान में कामधेनु जीवनधारा किन क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही है ?**

उ.– हमारा मुख्य योगदान शिक्षा के क्षेत्र में है, खासतौर से वंचित तबके के बच्चों की शिक्षा के लिए हमारा विशेष जोर है। इसके अलावा गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से विकलांगों को कृत्रिम अंग मुहैया कराया जा रहा है एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। संस्था पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लेने और साफ पानी के लिए काम करने के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण के अभियानों में भी हिस्सा लेती है।

**प्र.– आप लाभार्थियों का चयन कैसे करती हैं?**

उ.– लाभार्थियों का चयन मुख्य तौर पर एनजीओ और सामाजिक समूह करते हैं। वे जरूरतमंदों की तलाश के लिए सभी जरूरी जाँच पड़ताल करते हैं। इसके बाद कामधेनु जीवनधारा उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए हरसंभव मदद करती है।

**प्र.– क्या आप वित्तीय सहायता को भी जवाबदेह बनाती हैं?**

उ.– बिल्कुल! हमारे अकाउंटिंग और ऑडिटिंग से जुड़े लोग पूरे खर्च और इसके नतीज़ों पर पूरी नज़र रखते हैं। अगर लक्ष्य के अनुसार नतीज़े न मिले तो हम कार्यक्रम में जरूरी बदलाव कर उन्हे फिर से चलाते हैं। आखिरकार सामाजिक कार्यों में भी पेशेवर नज़रिया जरूरी होता है, वर्ना हमारी मदद सही लोगों को नही मिलेगी।

**प्र.– कामधेनु जीवनधारा की भविष्य की योजनाएँ क्या हैं?**

उ.– हम और भी ज्यादा एनजीओ के साथ मिलकर कई अन्य सामाजिक कार्यक्रम चलायेंगे ताकि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद कर सकें। देश में बहुत से बच्चे आज भी सामाजिक विकास से वंचित हैं, हमें उम्मीद है कि हम अधिक से अधिक बच्चों की मदद कर उन्हे मुख्यधारा से जोड़ने में सफल होंगे।

# देश में खुलेंगे नये बैंक




भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में नए बैंक खुलने का रास्ता साफ कर दिया है। हाल ही में आरबीआई ने नए बैंकिंग लाइसेंस पर अंतिम दिशा–निर्देश जारी कर दिए। नए बैंकिंग लाइसेंस पाने के लिए कंपनियों को इस वर्ष एक जुलाई तक आवेदन करना होगा।

आरबीआई ने नए बैंकिंग लाइसेंस के नियम सख्त रखे हैं ताकि आम लोगों का पैसा डूबने जैसी घटनाएं न हो। कंपनियाँ पूर्ण स्वामित्व वाली नॉन–ऑपरेटिव फाइनेंस होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के जरिए बैंक खोल सकेंगी।

इसके साथ ही कम से कम 10 साल तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रमोटर या कंपनियों को ही बैंक खोलने की इजाजत होगी। इसके अलावा, कंपनियों के बिजनेस प्लान में 25 फीसदी बैंक शाखाएं ग्रामीण इलाकों या गैर–बैंकिंग क्षेत्रों में खोलना अनिवार्य होगा।

आरबीआई ने कहा है कि नए बैंक खोलने के लिए न्यूनतम 500 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी जरूरी है। नए बैंकों में विदेशी निवेश की अधिकतम सीमा 49 फीसदी तय की गई है, जिसे पांच साल तक बरकरार रखना अनिवार्य है। तीन साल के भीतर नए बैंक को शेयर बाजार में लिस्ट कराना भी जरूरी होगा।

अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा ग्रुप, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलआईसी और आदित्य बिड़ला ग्रुप बैंक खोलने के दावेदारों में शामिल हैं।



# हड़ताल से हाल बेहाल

देश के 11 ट्रेड यूनियनों की ओर से 20 और 21 फरवरी को हुई हड़ताल ने उद्योग जगत से लेकर आम आदमी तक का हाल बेहाल कर दिया। उद्योग संगठन एसोचैम के अनुमान के मुताबिक दो दिन की हड़ताल से देश की अर्थव्यवस्था को कम से कम 26,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

दो दिन की हड़ताल में सरकारी कंपनियों और संगठनों में कामकाज ठप रहा, साथ ही सड़कों पर यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।

इस दौरान नोएडा सहित कई इलाकों में हिंसक घटनाऐं भी हुई। हिंसा को देखते हुए नोएडा की लगफग सभी निजी कंपनियों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। सरकारी ही नहीं महिंदा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, मारुति, होंडा, बीपीसीएल जैसी बड़ी निजी कंपनियों में भी कामकाज प्रभावित हुआ।


श्रमिक संगठनों ने वेतन बढ़ाने, सभी को पेंशन देने और महिला कर्मचारियों को मातृत्व सुविधाएं देने जैसी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। श्रमिक संगठनों का कहना है कि अगर सरकार ने उनकी माँगे नहीं मानी तो वे फिर से हड़ताल करेंगे।

# मुंबई में मोनोरेल का ट्रायल

मुंबई में 16 फरवरी को मोनोरेल का सफल ट्रायल रन किया गया। तीन डिब्बों वाली मोनोरेल वडाला से चेंबूर तक चलाई गई। इस यात्रा की अवधि 15 मिनट रही। देश की पहली मोनोरेल का ट्रायल देखने के लिए लोगों की काफी उत्साह देखा गया।

एमएमआरडीए की इस परियोजना के तहत मुंबई के चेंबूर इलाके से वडाला तक पहली मोनोरेल आने वाले कुछ महीने में चलने लगेगी। मोनोरेल परियोजना की कुल लागत 2460 करोड़ रुपये है। यह चेंबूर से वडाला तक की सवा आठ किलोमीटर की दूरी महज 15 मिनट में तय करेगी।

करीब 568 यात्रियों की क्षमता वाली मोनोरेल की अधिकतम रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। तो मुंबई को मोनोरेल के लिए बस थोड़ा सा इंतजार!






# डीलर्स ने उठाया दिल्ली सैर का मजा

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स के दिल्ली के डीलर्स के लिए इस बार की 26 जनवरी बेहद खास रही। कंपनी ने डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए बहादुरगढ़ के प्लेटिनम रिसॉर्ट की दो दिन की सैर कराई।

26 और 27 जनवरी को आयोजित इस सैर में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 50 से ज्यादा डीलर्स शामिल हुए। सैर के दौरान कामधेनु पेंट्स के राष्ट्रीय मार्केटिंग प्रमुख, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, श्री संदीप तनेजा, डीएसएम (दिल्ली) और श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन) जैसे वरिष्ठ अधिकारियों ने डीलर्स को बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया।

श्री श्रीवास्तव ने डीलर्स की प्रशंसा करते हुए कहा, "पिछले कुछ वित्त वर्षों के दौरान कामधेनु पेंट्स की माँग में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का प्रदर्शन हमारे प्रतियोगियों के मुकाबले कहीं बेहतर रहा है। मुझे यकीन है कि इस यात्रा से हम नई रचनात्मक ऊर्जा हासिल करके भविष्य में नए लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे।"

दो दिन की सैर के दौरान डीलर्स ने क्रिकेट खेलने से लेकर मनोरंजन पार्क का पूरा आनंद उठाया। उन्होंने नए अंदाज में 26 जनवरी मनाई और शाम को डीजे संगीत का भी भरपूर आनंद लिया।

# कामधेनु पेंट्स के डीलर्स का भीमताल में धमाल




कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई अक्सर अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को खास तोहफे देकर उन्हे उत्साहित करती है। कंपनी अपने डीलर्स का मनोबल बढ़ाने के लिए अक्सर यात्राओं का भी आयोजन करती रहती है।

इसी कड़ी में कामधेनु पेंट्स ने गाजियाबाद, आगरा और हलद्वानी के 100 से ज्यादा डीलर्स को एक दिन की भीमताल की सैर कराई जिसका उन्होने जमकर लुत्फ उठाया। 5 जनवरी को आयोजित इस ट्रिप में कामधेनु पेंट्स के कई वरिष्ठ अधिकारी जिनमें श्री कमल शर्मा, मार्केटिंग हेड (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन), श्री मयंक मांगलिक, शाखा प्रमुख (हलद्वानी) और श्री परमात्मा सरन, शाखा प्रमुख (आगरा) भी शामिल थे।

इस यात्रा में कामधेनु पेंट्स के गाजियाबाद, आगरा और हलद्वानी के मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर भी शामिल हुए। सभी डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को भीमताल के कंट्री क्लब रिसॉर्ट में ठहराया गया। डीलर्स के लिए रिसॉर्ट में लकी ड्रॉ और अन्य आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

श्री कमल शर्मा ने यात्रा में शामिल सभी डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डीलर्स को कंपनी की ओर से हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ डीलर्स को सम्मानित भी किया गया।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री ज्योति कॉसरा
**मैसर्स कॉसरा स्टील एण्ड टिंबर ट्रेडर्स**
जी. टी. रोड, दीनानगर, 143531
जिला– गुरदासपुर
फोन – 01875–220157, 222157
मो.– 9888509057

श्री सुनील कुमार
श्री मनोहर कुमार
**मैसर्स ईश्वर एन्टर्प्राइज़ेज**
आरटीओ के सामने, ओल्ड बाम्बे–मद्रास रोड
बेल्लारी, कर्नाटक

श्री शीशराम गोरा
**मैसर्स बालाजी हार्डवेयर**
डेमथ्रींग, जोवाई रोड,
शिलांग, मेघालय
फोन – 0364–2231202
मो.– 9436104971

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date- 25th Feb.


> उत्तर भारत में कामधेनु पेंट्स की माँग में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हुई है और हमारे ब्रांड ***Colour Dreamz*** के अंतर्गत पेश किये गये सभी डेकोरेटिव पेंट उत्पाद जैसे शीन एन शाइन, रेप्लिका और इको फ्रेश बाजार में अपनी धाक बनाने में सफल हुए हैं




# डीलर्स का भरोसा, कामधेनु पेंट्स छूऐगी नई ऊँचाई

भारत की जानी–मानी स्टील एवं सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स ने धीरे–धीरे अपनी पहुँच पूरे देश में बना ली है और अब इसके पास हैं एक बड़ी संख्या में डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं जो ग्राहको तक पेंट उत्पादों को पहुँचाने हमेशा प्रयासरत हैं। उत्तर भारत के बाजार में अपनी पकड़ को और मज़बूत करने के उद्देश्य से कंपनी ने अंबाला शहर में एक भव्य चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया जो कि पूरी तरह से सफल रहा।

कामधेनु पेंट्स के अंबाला डिपो की ओर से इस मीट का आयोजन 16 फरवरी को चंडीगढ़–अंबाला हाईवे पर स्थित होटल ड्राइव मे किया गया, जिसमें उत्तर हरियाणा में कार्यरत 50 से ज्यादा डीलर्स ने हिस्सा लिया। इसके अलावा कामधेनु पेंट्स की ओर से श्री भूपिंदर सिंह, डीएसएम, श्री कुलवंत, श्री राजकुमार एवं अन्य (अंबाला डिपो) एवं श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन),श्री नितिन गोस्वामी सहित क्षेत्र के जाने–माने डीलर्स मैसर्स श्री कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, मैसर्स चुरंगी लाल शिव प्रसाद एवं मैसर्स श्री बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की।

सभी डीलर्स के लिए ये एक मीट होने के साथ–साथ आनन्द से भरपूर यात्रा भी रही। इस दौरान उन्होने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से कई मार्केटिंग योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। इस अवसर पर श्री भूपिंदर सिंह ने सभी डीलर्स का तहेदिल से स्वागत किया और उन्हे कंपनी की मार्केटिंग नीति के बारे में बताया। उन्होने कहा, ''उत्तर भारत में कामधेनु पेंट्स की माँग में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हुई है और हमारे ब्रांड ***Colour Dreamz*** के अंतर्गत पेश किये गये सभी डेकोरेटिव पेंट उत्पाद जैसे शीन एन शाइन, रेप्लिका और इको फ्रेश बाजार में अपनी धाक बनाने में सफल हुए हैं। बहुत ही जल्दी हम कुछ नये उत्पाद को बाजार में उतारने की योजना बना रहे हैं और मुझे पूरी उम्मीद है हमारे डीलर्स उन्हे ग्राहकों तक पहुँचाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे।''

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिसम्बर 2012 के तिमाही में प्राप्त वित्तीय आय पर भी चर्चा की। उन्होने बताया कि कामधेनु पेंट्स की सकल आय में दिसम्बर 2011 तिमाही के मुकाबले दिसम्बर 2012 तिमाही में उत्साहपूर्ण वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सभी डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को बधाई देने के साथ–साथ उन्हे और अधिक मार्केटिंग सहायता देने का भरोसा दिलाया।

चैनल पार्टनर मीट में कामधेनु के अधिकारियों ने कंपनी के पेंट उत्पादों की खुबियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और डीलर्स को प्रदान किये जाने वाले प्रोत्साहनो के बारे में बताया। कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कई डीलर्स को पुरस्कृत भी किया। सभी डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स ने आने वाले समय में कामधेनु को भारत की शीर्ष 3 पेंट कंपनीयों में लाने के लिए और अधिक मेहनत करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मीट के सदस्यों ने अंबाला एवं आस–पास के जगहों की सैर की और विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद उठाया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com